# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 2021-2022

**विशेष शिविर /** कार्यक्रमों का विवरण – 2021–22

महाविद्यालय का नाम– **जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

## सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र: 2021-22

### ग्राम: नगला बनी (बकेवर)

**आयोजन तिथि: 05.03.2022 से 11.03.2022**

**डॉ. मनोज कुमार यादव**
**कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना**
**जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

**डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी**
**प्राचार्य**
**जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22 का शुभारंभ</u>

**उद्घाटन सत्र: प्रथम दिवस** **दिनाँक: 05 /03/2022**

**जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' आज दिनांक 5 मार्च 2022 को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक ग्राम नगला बली, बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग शीर्षक जन जागरूकता अभियान के तहत गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्यक संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों सेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार दोहरे, अध्यक्ष नगर पंचायत बकेवर, विशिष्ट अतिथि श्री अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बकेवर, तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'Not Me But You' के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार दोहरे ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री अजय कुमार ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक व विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एके पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में श्री लाला राम दोहरे ने स्वयंसेवकों से किसानों के**

सरल संपर्क के तरीकों के बारे में अपने विचारों से लाभान्वित किया। कार्यक्रम  में डॉ.एम.पी. सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्य की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से संपर्क किया जाए जिससे आप पर सरलतम और कम समय में विश्वास कर सके तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ पीके राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिचयात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. डी एन सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में आकाश चौधरी राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित तथा 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष  तथा कार्यक्रम के अतिथि





अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का किया शुभारंभ



कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के अतिथि

अमर उजाला इटावा amar

# शिविर में सात दिन बहेगी जागरुकता की हवा

## पौधे लगाकर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

बकेवर। जनता कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को शुरू हो गया। ग्राम नगलाबनी में 11 मार्च तक इस शिविर में जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्य रूप से इसमें स्वच्छ भारत अभियान, मिशन शक्ति, पोषण जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नेतृत्व क्षमता का विकास आदि कार्यक्रम संचालित होंगे।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, चेयरमैन विनोद कुमार दोहरे, ईओ बकेवर अजय कुमार ने पहले दिन पौधरोपण कर शुभारंभ किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'नॉट मी बट यू' के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. एके पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है। इसमें युवाओं को आपदा से निपटने के गुर सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में लाला राम दोहरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. एमपी यादव, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित समेत 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे। (संवाद)



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्राचार्य को बैज लगाती छात्रा। संवाद

इटावा

कानपुर। रविवार • 6 मार्च • 2022

सहारा | www.rashtriyasahara.com |

प्रतिनिधिमण्डलों ने मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किए ... लेकर समाजेसी बजट पेश कि...


# राष्ट्रहित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता

### जनता कालेज के छात्रों का शिविर शुरू

बकेवर (एसएनबी)। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को ग्राम नगला बनी में लगाया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक ग्राम नगला बनी,बकेवर में आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग विषयों पर जन जागरूकता अभियान के तहत गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्पर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख उद्देश्य है।

[illegible]



इटावा - जनता कालेज के सेवा योजना के छात्र अतिथियों के साथ जागरूकता अभियान में जाते हुए।

[illegible]

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

द्वितीय दिवस                                                                                    दिनाँक: 06 /03/2022

**जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर नगला बनी में** द्वितीय **दिवस में स्वच्छता एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। तदोपरांत नगला बनी में स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई ।जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्लोगनों जैसे हम ने यह ठाना है, स्वच्छता लाना है, सब रोगों की एक दवाई ।घर में रखो साफ सफाई आदि के द्वारा जन जागरूकता फैलाई। स्वच्छता एवं किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जिला कृषि अधिकारी एवं उपनिदेशक अनुसंधान अभिनंदन सिंह ने उपस्थित स्वयं सेवकों एवं किसानों को संबोधित अपने व्याख्यान में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन व तन की स्वच्छता के साथ साथ अपनी खेती की स्वच्छता भी अत्यंत आवश्यक है । मन व तन की स्वच्छता से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, खेती की स्वच्छता से फसल स्वस्थ रहने के साथ-साथ व्यक्ति भी स्वस्थ रहता है एवं पर्यावरण संरक्षित रहता है। उन्होंने कृषि की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ कृषि यंत्रों पर छूट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि मैं जनता कॉलेज बकेवर का ही छात्र हूं जहां से पढ़कर मैंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के द्वारा अपने जिंदगी में अनुभव प्राप्त किए। मेरे जैसे तमाम जनता कालेज के विद्यार्थी देश के विभिन्न उच्च स्तरीय संस्थानों में सेवा दे रहे हैं । आप सबको इस शिविर के माध्यम से विभिन्न अनुभव प्राप्त होंगे जो आपके जीवन को सफल बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने अपने व्याख्यान में कहा कि जिस तरह है खेती बाड़ी में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से भूमि, मनुष्य, पशु अस्वस्थ हो रहे है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, ठीक उसी भांति मनुष्य के दूषित विचारों से समाज में नफरत एवं द्वेष भावना पैदा हो रही है इसलिए स्वस्थ जीवन एवं शुद्ध वातावरण बनाए रखने के लिए दोनों प्रकार के जहरों, रसायनों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है जिससे भूमि, मनुष्य स्वस्थ रहने के साथ-साथ वातावरण शुद्ध बना रहे। साथ ही बताया कि किसानों को रूढ़िवादी खेती प्रणाली को त्याग कर वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की आवश्यकता है जिसमें दलहन पूर्ण फसल चक्र, गर्मियों में खेतों की गहरी जुताई उचित समय पर बुवाई निराई सिंचाई कटाई आज कृषि क्रियाएं कर अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। डॉ एसके विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन एवं फलोत्पादन पर उपस्थित स्वयंसेवकों एवं किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ एम पी यादव पूर्व प्राचार्य जी ने बताया कि किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन किस**

तरह करना है यह गुरु सीखना अति आवश्यक है जिससे कम से कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन लिया जा सके। साथ ही बताया कि व्यक्ति को तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन एवं शिथिलीकरण करना चाहिए। कैंप के शुरुआत में ही उन्होंने मेडिटेशन एवं शिथिलीकरण प्रक्रियाओं की प्रोसेस कराएं। गोष्ठी के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही पधारे क्षेत्रीय किसानों को विस्तृत जानकारी के लिए अपने कालेज में एवं जिला कृषि विभाग में संपर्क करने के लिए संपर्क सूत्र दिए। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान लालाराम दोहरे, राजेंद्र सिंह यादव, विवेक कुमार, सतीश कुमार, हाकिम सिंह, गोविंद सिंह, जिलेदार सिंह, रामबरन आदि ने किसान गोष्ठी में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ डीएन सिंह राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी एवं उपनिदेशक अनुसंधान अभिनंदन सिंह






स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली

# स्वच्छता के प्रति नगर के लोगों को किया गया जागरूक



# नंगला बनी में स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली निकाली



राष्ट्रीय सहारा

संपादकीय

बढ़ेगी भारत की चिंता

# स्वच्छता-सेवाभाव के प्रति किया जागरूक

संवादसूत्र, इटावा : जनता कालेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। इसमें स्वच्छता तथा सेवाभाव के प्रति किया जागरूक किया गया।

इसके उपरांत डा. एमपी यादव ने स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहज योग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर में उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन किया गया। ग्राम नगला बनी में प्राथमिक विद्यालय परिसर तथा गांव में सफाई कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़े। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों को जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डा. आदित्य कुमार ने कहा कि समाजसेवा लोगों के कहने पर बंद नहीं करनी चाहिए हमेशा परोपकार के लिए कार्य करना चाहिए। शिविर में डा. संजीव कुमार ने कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। गोपीनाथ मौर्य ने समय प्रबंधन करने पर जोर दिया। डा. इंदुबाला मिश्रा ने नारी सशक्तिकरण पर अपनी राय प्रकट की। डा. पीके राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह की जानकारियां दी।



राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता गोष्ठी को संबोधित करते जिला कृषि अधिकारी अभिनंदन सिंह • जागरण

<u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

तृतीय दिवस दिनाँक: 07 /03/2022

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। इसके उपरांत डॉ एम पी यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहजयोग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर के आसपास उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन करते हुए ग्राम नगला बनी में साफ सफाई का कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में साफ सफाई करने की जागरूकता फैल सके। नगला बनी ग्राम में बने प्राथमिक पाठशाला के आसपास की भी सफाई की गई। तथा ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सफाई के बारे में स्वयं सेविकाओं ने जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ आदित्य कुमार ने कहा कि जब कोई आप कार्य करते हो तो 'लोग कुछ ना कुछ कहेंगे उनका काम है कहना', लेकिन आपको हमेशा परोपकार के लिए रुकना नहीं है आपको बस करते जाना है। शिविर में डॉ. संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, आप यह कार्य किसी भी रूप में कर सकते हो जैसे निःशुल्क पढ़ाने का कार्य, गरीब बच्चों की आर्थिक मदद या किसी बेसहारे को सहारा देकर रास्ता पार करा सकते हो उसके लिए आपको ना तो सोचने की जरूरत है बस आप में परोपकार की भावना विकसित हो जाए। डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा ने बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता होती है जिससे आप उस कार्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि अंदर की बुराइयों को त्यागने के लिए बहुतसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा यदि आप किसी का सहयोग करते हैं तो आप समझ लीजिए कि आप अपने लिए फिक्स डिपाजिट कर रहे हैं। श्री गोपीनाथ मौर्य ने समय प्रबंधन व लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा और बताया कि बिना लक्ष्य निर्धारित किए हुए आप सफल नहीं हो सकते हो और बिना समय का प्रबंध किए हुए आप लक्ष्य को निर्धारित नहीं कर सकते हो। डॉ इंदु बाला मिश्रा ने नारी सशक्तिकरण व नारी सम्मान पर अपने विचारों का साझा किया। डॉ पीके राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को बताया तथा स्वयंसेवकों द्वारा गांव में सर्वेक्षण करने के विभिन्न आयामों को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के

अनुसार सभी स्वयंसेवकों को आज के लक्ष्य निर्धारित कार्य पर अपने दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




बृहद स्वच्छता अभियान




तकनीकी सत्र



इटावा

सहारा

सेवा योजना से जुड़े छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



स्वच्छता-सेवाभाव के प्रति किया जागरूक

# सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राणायाम से हुआ

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



प्राणायाम करते छात्र-छात्राएं।

**लखना, बकेवर।** ग्राम नगलाबनी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में तीसरे दिन का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। महिला सशक्तिकरण,व गांवो में साफ सफाई के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने पर जोर दिया। शिविर में डॉ.एम.पी.यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहजयोग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर के आसपास उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन करते हुए ग्राम नगला बनी में साफसफाई का कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में साफसफाई करने की जागरूकता फैल सके। नगला बनी ग्राम में बने प्राथमिक पाठशाला के आसपास की भी सफाई की गई। तथा ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सफाई के बारे में स्वयं सेविकाओं ने जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ.आदित्य कुमार ने कहा कि जब कोई आप कार्य करते हो तो 'लोग कुछ ना कुछ कहेंगे उनका काम है कहना', लेकिन आपको हमेशा परोपकार के लिए रुकना नहीं है आपको बस करते जाना है। डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा ने बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता होती है जिससे आप उस कार्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि अंदर की बुराइयों को त्यागने के लिए बहुतसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा यदि आप किसी का सहयोग करते हैं तो आप समझ लीजिए कि आप अपने लिए फिक्स डिपाजिट कर रहे हैं। डॉ. पी.के.राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को बताया तथा स्वयंसेवकों द्वारा गांव में सर्वेक्षण करने के विभिन्न आयामों को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सभी स्वयंसेवकों को आज के लक्ष्य निर्धारित कार्य पर अपने दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

चतुर्थ दिवस                                                              दिनाँक: 08 /03/2022

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ व्यायाम एवं योगा से किया गया। तदोपरांत डॉ एम पी यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयं सेवकों को सहजयोग के नियमों के साथ शिथिलीकरण का योग कराया। शिविर के प्रथम सत्र में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए  कहा कि महिला विभिन्न रूप में मां, बहन, बेटी, पत्नी हमारे जीवन की प्रत्येक कड़ी में जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संरक्षण के लिए भारत के संविधान में अनुच्छेद 24 व 25 में रखा गया है और बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि स्त्री कभी श्रम से नहीं डरती, वह डरती है दुराचार से,अनाचार से, अशिष्टा से। महिलाओं को सशक्त करने के लिए उनको शिक्षित करना होगा उन्होंने बताया कि स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था किए यदि लड़का शिक्षित होता है तो वह सिर्फ अपने लिए होता है यदि लड़की शिक्षित होती है तो वह सात पीढ़ियों तक शिक्षित करती है । इसलिए महिलाओं का सम्मान व सशक्तिकरण के लिए हमेशा आगे रहकर उनका साथ देना चाहिए। उन्होंने सावित्रीबाई फुले, वीरांगना लक्ष्मीबाई,  सुनीता विलियम, कल्पना चावला के योगदान के बारे में भी अपने विचारों का साझा किया। कार्यक्रम में कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.नलिनी शुक्ला जी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया उन्होंने कहा कि 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क में महिलाओं ने मतदान करने के लिए आवाज उठाई थी।

उसके बाद संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। महिलाओं के सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा योगदान है तो वह शिक्षा का और शिक्षित महिलाएं पुरुषों के साथ आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग करती हैं। डॉ इंदु बाला मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति तभी सशक्त हो सकती है जब वह स्वस्थ भी हो और स्वस्थ होने के लिए जरूरी है पोषण युक्त संतुलित आहार। उन्होंने कहा कि महिलाएं आपने खाने में हरी पत्ती सब्जियों का उपयोग जरूर करें जिसमें भरपूर रूप से खनिज लवण व रेशे पाए जाते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित समूहों का संचालन कर रही श्रीमती अंजली देवी बकेवर की रहने वाली हैं तथा अपने समूह के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का समूह बनाकर सिलाई, कढ़ाई तथा ब्यूटी पार्लर जैसे छोटे-छोटे रोजगारपरक योजनाओं का  प्रशिक्षण देती हूं जिससे क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं। कार्यक्रम में सीएलएफ की बीआरपी श्रीमती अंजलि ने बताया कि मैं लखना में रहती हूं, हमने लगभग 4000 महिलाओं को समूह से जोड़ा है तथा एनआरएलएम मिशन के द्वारा सभी को आत्मनिर्भर बनाने

की कोशिश कर रही हूं एक छोटे से 10 के इन्वेस्टमेंट से आज मैं 4 करोड़ का टर्नओवर करती हूं। सीएलएफ अध्यक्ष, महेवा एनआरएलएम मिशन श्रीमती रूबी अपने समूह के बारे में बताया कि हमने गांव के 10 महिलाओं को जोड़कर इस समूह का संचालन शुरू किया था जो कि आज लगभग 1800 महिलाएं हमारे समूह में जुड़ी हुई हैं। श्रीमती कंचनलता कुशवाहा ने बताया कि मैं समूह में लिखने पढ़ने का कार्य करते हैं तथा छोटा सा कार्य सिलाई का करती हूं जिससे हम अपने घर में 10000 प्रति माह की आर्थिक मदद करती हूं। ग्राम पुठिया की रहने वाली श्रीमती उषा नारायण जी ने बताया कि मैं ग्रहणी के रूप में कार्य करती हूं तथा उसके साथ अचार, मिथौरी, नमकीन आदि का उत्पाद बनाकर 5000 कमा लेती हूं। एनआरएलएम मिशन की अध्यक्ष श्रीमती सुमन कुमारी ने बताया कि अब तक हमारे समूह में 18000 महिलाएं जुड़ी हुई है जो आत्मनिर्भर बनकर दूसरों की सहायता कर रही है। कार्यक्रम कहती अतिथि नगर पंचायत बकेवर के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार दोहरे ने अपने विचारों का साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ मनोज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हमारी मातृशक्ति गाड़ी की दो पहियों में एक पहिया है जो यदि छोटा रह जाएगा तो गाड़ी चल नहीं पाएगी। इसलिए हमको संकल्प लेना है कि हम आज ही नहीं वर्ष के 365 दिनों महिलाओं का सम्मान करेंगे और उनके आत्मनिर्भर, स्वालंबन व सशक्तिकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनता कॉलेज बकेवर इटावा व उसकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा क्षेत्र के आसपास गांव में जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं जिसमें महिलाओं को जागरूक करके आत्मनिर्भर, स्वालंबन, तथा रोजगारपरक योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाता है जिससे वह सभी आर्थिक रूप से मजबूत होती हैं और शिक्षा का प्रसार होता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस का संचालन गोपीनाथ मौर्या ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लघु नाटिका स्वरचित गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

लघु नाटिका में स्वयंसेवक सूरज, संदीप व सहयोगी टीम ने महिला शिक्षा के बारे में प्रस्तुत किया। सरिता पटेल व उनकी सहयोगी टीम ने बेटा, बेटी में असमानता, भेदभाव की कुरीतियों के बारे में लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सचिन,प्रभास व, शोभित, प्रगति, शिक्षा, शिवांगी तथा सुमित ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किया। सुमित दीक्षित भव्य बाजपेई संदीप कुमार उमेंद्र कुमार शीतल आदि ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण दिया। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, आकाश चौधरी, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया**






**डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया**

इटावा

कानपुर **5**
09 मार्च 2022

# महिला दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



महिला दिवस आयोजित हुआ कार्यक्रम

## स्वावलंबन से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित



स्वावलंबन के दौरान महिलाओं को सम्मानित करते।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

**पंचम दिवस** **दिनाँक: 09/03/2022**

**जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ व्यायाम व योग से किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने नैतिकता के बारे में बात करते हुए कहा कि अनुशासन का मतलब है 'नैतिक तरीके से काम करना'। घर के बाद विद्यालय हमारा दूसरा स्थान है जहां हम अनुशासन सीखते हैं। अनुशासन मूल रूप से हमारी आधार इच्छाओं का दमन है और अक्सर इसे आत्म संयम और नियंत्रण के समान माना जाता है। अनुशासित व्यक्ति किसी की इच्छाओं के बावजूद कार्रवाई का सर्वोत्तम कार्य निर्धारित करता है। ईमानदार व्यवहार अनुशासन का एक और रूप है। इसे तब वर्णित किया जा सकता है जब किसी के मूल्यों और उद्देश्यों को एक दूसरे के साथ साझा किया जाता है।किसी व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक तरीके से चलाने के लिए महाविद्यालय के अनुशासन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया**

कि अनुशासन मूल रूप से छात्रों के व्यवहार की दिशा निर्देशित करता है, सीमा निर्धारित करता है और अंततः उन्हें स्वयं और दूसरों की देखभाल करने में मदद करता है।

शिविर के तकनीकी सत्र में कॉलेज के जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि यदि हम शरीर के किसी अंग का हम प्रयोग नहीं करते हैं तो प्रायः देखते हैं कि उस अंग में कोई ना कोई समस्या आने लगती है। इसलिए हमको प्रतिदिन योग, व्यायाम तथा अपने शरीर के सभी अंगों को चलायमान करना बहुत जरूरी है जिससे हम स्वस्थ भी रहेंगे और शरीर में किसी भी प्रकार के विकार होने की आशंका नहीं होगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का संचालन डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया।

तदोपरांत स्वयंसेवकों ने नगला बनी गांव में जाकर गांव के इतिहास के बारे में, कृषि के बारे में, शिक्षा के बारे में तथा वहां के मुख्य रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण आंचल की महिलाओं के साथ चर्चा की तथा उनकी शिक्षा, सामाजिक स्तर की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। कार्यक्रम में डॉ सत्य प्रकाश मौर्या ने अपने विचारों का साझा किया। इस मौके पर लालाराम दोहरे, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, सुमित कुमार, शोभित, शिक्षा आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





व्यायाम व योग



डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया



स्वयंसेवकों ने गांव के इतिहास, कृषि, शिक्षा तथा रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया।

# अनुशासन का मतलब है नैतिक तरीके से काम करना: डॉ. मनोज

करंट विज़न संवाददाता





बकेवर जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने नैतिकता के बारे में बात करते हुए कहा कि अनुशासन का मतलब है 'नैतिक तरीके से काम करना'। घर के बाद विद्यालय हमारा दूसरा स्थान है जहां हम अनुशासन सीखते हैं। अनुशासन मूल रूप से हमारी आधार इच्छाओं का दमन है और अक्सर इसे आत्म संयम और नियंत्रण के समान माना जाता है। अनुशासित व्यक्ति किसी की इच्छाओं के बावजूद कार्रवाई का सर्वोत्तम कार्य निर्धारित करता है। ईमानदार व्यवहार अनुशासन का एक और रूप है। इसे तब वर्णित किया जा सकता है जब किसी के मूल्यों और उद्देश्यों को एक दूसरे के साथ साझा किया जाता है।किसी व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक तरीके से चलाने के लिए महाविद्यालय के अनुशासन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि अनुशासन मूल रूप से छात्रों के व्यवहार की दिशा निर्देशित करता है, सीमा निर्धारित करता है और अंततः उन्हें स्वयं और दूसरों की देखभाल करने में मदद करता है।

शिविर के तकनीकी सत्र में कॉलेज के जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि यदि हम शरीर के किसी अंग का हम प्रयोग नहीं करते हैं तो प्रायः देखते हैं कि उस अंग में कोई ना कोई समस्या आने लगती है। इसलिए हमको प्रतिदिन योग, व्यायाम तथा अपने शरीर के सभी अंगों को चलायमान करना बहुत जरूरी है जिससे हम स्वस्थ भी रहेंगे और शरीर में किसी भी प्रकार के विकार होने की आशंका नहीं होगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का संचालन डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया। तदोपरांत स्वयंसेवकों ने नगला बनी गांव में जाकर गांव के इतिहास के बारे में, कृषि के बारे में, शिक्षा के बारे में तथा वहां के मुख्य रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया। स्वय सेविकाओं ने ग्रामीण आंचल की महिलाओं के साथ चर्चा की तथा उनकी शिक्षा, सामाजिक स्तर की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। कार्यक्रम में डॉ सत्य प्रकाश मौर्या ने अपने विचारों का साझा किया। इस मौके पर लालाराम दोहरे, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, सुमित कुमार, शोभित, शिक्षा आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

छठवें दिवस दिनाँक: 10 /03/2022

जनता कोलज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवे दिवस का शुभारंभ व्यायाम व योग से किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ . संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया । उन्होने स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया ।

कार्यक्रम में डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने स्वास्थ व शिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है । उन्होंने बताया कि हमे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए व लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करना चाहिए । उन्होंने स्वस्थ्यता पर बात करते हुए कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए था हमें नित्य संतुलित आहार लेना चाहिए ताकि हमारा व हमारे मस्तिष्क का विकास हो सके ।

डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि मैं भी राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयं सेवक रहा हूं और मैंने लोगों को पोलियो ड्रॉप के लिए प्रेरित किया था और ये भी बताया कि हम स्वयं सेवकों के द्वारा ही हमारा भारत पोलियो मुक्त बनने में सक्षम हुआ है । तदपस्चात ग्राम नगलाबनी के श्री लालाराम दोहरे ने स्वयंसेवकों को निर्देशित करते हुए स्वयं सेवकों को व्यायाम और दैनिक जीवन में व्यायाम के महत्व के बारे में बताया और साथ ही शिष्टाचार्य के प्रति जागरूक किया । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गीत, कविताएँ आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया ।

तदोपरांत पांचवें दिवस में गांव नगला बनी में किए गए सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया व सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों से गांव नगला बनी की कई जानकारी स्वयंसेवकों ने साझा की ।जिसमें मुख्य रूप से गांव की आर्थिक स्थिति वहां के लोगों के रहन-सहन सुरक्षा व मुख्य व्यवसाय के बारे में जानकारी साझा की ।

डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा एवं मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयं सेवक मौजूद रहे ।




स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया





व्यायाम व योग करते हुए स्वयं सेवक

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

सातवें दिवस                                                              दिनाँक: 11 /03/2022

**जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस का प्रारंभ योग, व्यायाम, प्राणायाम के साथ किया गया। जिसमें सूर्य नमस्कार एवं पीटी स्वयंसेवक विशाल सिंह, रामखिलाड़ी तथा अमित वर्मा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों के प्रत्येक ग्रुप लीडर के द्वारा नगला बनी गांव के इतिहास, मुख्य व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा स्तर की आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें ग्रामीण के लोगों ने बताया कि हमारे शिक्षा का मुख्य शिक्षा संस्थान ग्रामीण अंचल में बकेवर में स्थित जनता कॉलेज उच्च शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान है जिसमें शिक्षा पाकर यहां के लोगों ने नए आयामों में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

**कार्यक्रम के समापन सत्र में कार्यक्रम की अतिथि की भूमिका में नगर पंचायत बकेवर के सफाई कर्मी श्री अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि हम सभी सफाई के प्रति पूर्णतया जागरूक हैं क्योंकि आप स्वस्थ रहोगे तभी आप अपने परिवार, गांव व देश का नाम ऊंचा कर पाओगे । हमारी सफाई की भावना को समझते हुए आप सभी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। व्यासपुर के ग्राम प्रधान श्री पुष्पेंद्र कुमार जी ने शिविर के स्वयंसेवकों को एकता, सामूहिक कार्य तथा भाईचारा बनाने की बात कही और अगले वर्ष ग्राम व्यासपुर में विशेष शिविर लगाने का आमंत्रण दिया। नगला बनी के प्रगतिशील किसान श्री राजेंद्र सिंह ने पूरे 7 दिन के किए गए कार्यों की सराहना की ।**

**कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः का मूल मंत्र देकर स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी।जिसमें शिवांगी ऋषिशवार, भव्या बाजपेई, सूरज कुमार, सचिन जयसवाल, शोभित कुमार व सुमित वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्राध्यापक डॉ एम पी यादव, डॉ पी के राजपूत, डॉ एम पी सिंह, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा ने वक्तव्य प्रस्तुत कर सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने मंच का संचालन कर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शिविर में योगदान देने वाले कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, क्षेत्र के प्रबुद्ध जन तथा स्वयं सेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, रवि मिश्रा, पूरन सिंह आदि सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।**




**कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथि**





**श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया**



**स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी को पुष्प देकर सम्मानित किया**



**अतिथि श्री अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया**

# शिविर में सूर्य नमस्कार व प्रणायाम काराया

**बकेवर (एसएनबी)।** जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस का प्रारंभ योग, व्यायाम, प्राणायाम के साथ किया गया। जिसमें सूर्य नमस्कार एवं पीटी स्वयंसेवक विशाल सिंह, रामखिलाड़ी तथा अमित वर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों के प्रत्येक ग्रुप लीडर के द्वारा नगला बनी गांव के इतिहास,

**सफाईकर्मी ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया विधिवत समापन**

मुख्य व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा स्तर की आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें ग्रामीण के लोगों ने बताया कि हमारे शिक्षा का मुख्य शिक्षा संस्थान ग्रामीण अंचल में बकेवर में स्थित जनता कॉलेज उच्च शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान है जिसमें शिक्षा पाकर यहां के लोगों ने नए आयामों में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम के समापन सत्र में कार्यक्रम की अतिथि की भूमिका में नगर पंचायत बकेवर के सफाई कर्मी अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि हम सभी सफाई के प्रति पूर्णतया जागरूक है क्योंकि आप स्वस्थ रहोगे तभी आप अपने परिवार, गांव व देश का नाम ऊंचा कर पाओगे । हमारी सफाई की भावना को



इटावा : बकेवर के नगला बनी में सेवायोजना के शिविर के समापन पर पुरस्कार देते छात्र।

समझाते हुए आप सभी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

व्यासपुर के ग्राम प्रधान श्री पुष्पेंद्र कुमार जी ने शिविर के स्वयंसेवकों को एकता, सामूहिक कार्य तथा भाईचारा बनाने की बात कही और अगले वर्ष ग्राम व्यासपुर में विशेष शिविर लगाने का आमंत्रण दिया। नगला बनी के प्रगतिशील किसान राजेंद्र सिंह ने पूरे 7 दिन के किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः का मूल मंत्र देकर स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी, जिसमें शिवांगी अखिलेश्वर, भव्या बाजपेई, सूरज कुमार, सचिन जयसवाल, शोभित कुमार व सुमित वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्राध्यापक डॉ. एम पी यादव, डॉ. पी के राजपूत, डॉ. एन पी सिंह, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा ने वक्तव्य प्रस्तुत कर सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने मंच का संचालन कर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शिविर में योगदान देने वाले कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, क्षेत्र के प्रबुद्ध जन तथा स्वयं सेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, रवि मिश्रा, पूरन सिंह आदि सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






विशेष शिविर लगाने के पहले की छायाप्रतियाँ




छायाप्रतियाँ